<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक– 16 नवम्बर 2025</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बिरसा मुंडा की एक सौ पचासवीं जयन्ती के अवसर पर सोनभद्र में पांच सौ अड़तालीस करोड़ रुपए की चार सौ बत्तीस विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास।
- केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे लखनऊ। वरिष्ठ कार्यकर्ता जन संवाद कार्यक्रम में लिया हिस्सा। कहा– उत्तर प्रदेश में दोहराया जाएगा बिहार विधानसभा चुनाव का परिणाम।
- लखनऊ विश्वविद्यालय में दिव्य कला मेले की हुयी शुरूआत। केंद्रीय राज्य मंत्री बी.एल. वर्मा आज करेंगे औपचारिक उद्‌घाटन।
- विश्व मुक्केबाजी प्रतियोगिता का गौतमबुद्ध नगर में हुआ शुभारम्भ। प्रतियोगिता में सत्रह देशों के एक सौ साठ से ज्यादा मुक्केबाज ले रहे हैं हिस्सा।

**********

प्रदेश में कल लोकनायक बिरसा मुण्डा की एक सौ पचासवीं जयंती जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनायी गयी। इसे लेकर सोनभद्र में आयोजित जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने पांच सौ अड़तालीस करोड़ रूपये की चार सौ बत्तीस विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री योगी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार जनजातीय समाज की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए उनके साथ कदम से कदम मिलाकर खड़ी है।

***सम्मान दिलाने का काम यह डबल इंजन की भारतीय जनता पार्टी की एनडीए की सरकार ने किया है। प्रधानमंत्री मोदी जी के कारण हम लोगों को इस राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस के साथ जुड़ने का अवसर प्राप्त हो रहा है।***

उन्होंने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण–पत्र भी वितरित किए। कार्यक्रम के दौरान समाज कल्याण राज्य मंत्री संजीव गोंड ने मुख्यमंत्री को जनजातीय समाज की पहचान 'तीर–धनुष', वाद्य यंत्र और पारंपरिक टोपी भेंट की।

**********

केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह कल दो दिवसीय दौरे पर लखनऊ पहुंचे। श्री सिंह ने वरिष्ठ कार्यकर्ता जन संवाद कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बिहार विधान सभा चुनाव के परिणाम से भारतीय राजनीति में बहुत बड़ा बदलाव सामने आया है। उन्होंने जीत का श्रेय कार्यकर्ताओं को दिया। रक्षा मंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में भी बिहार विधानसभा चुनाव जैसा परिणाम दोहराया जाएगा।

**********

प्रदेश में धान खरीद सत्र में पंजीकृत होने वाले किसानों की संख्या 3 लाख तिरानबे हजार से अधिक हो गई है। खाद व रसद विभाग के मुताबिक कल दोपहर तक तिरपन हजार तीन सौ तीस किसानों से तीन लाख बारह हजार मीट्रिक टन धान की खरीद की जा चुकी है। किसानों की सुविधा के लिए चार हजार एक सौ तैंतालीस धान क्रय केंद्र भी स्थापित किए गए हैं। धान खरीद के लिए खाद्यविभाग के पोर्टल www.fcs.up.gov.in या यूपी किसान मित्र पर पंजीकरण अनिवार्य हैं।

**********

प्रदेश भर में इन दिनों विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर अभियान चल रहा है। सभी मतदाताओं से निर्धारित समय–अवधि में अपने फार्म भर कर बीएलओ को उपलब्ध कराने की अपील की जा रही है। अमरोहा की जिला निर्वाचन अधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने अपने जिले के बीएलओ को निर्देश दिया है कि वितरण के बाद सभी फार्म ज़िम्मेदारी से एकत्र कर लिए जाएं।

***भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में अमरोहा में भी एसआईआर के अंतर्गत इन्यूमरेशन फॉर्म्स जो है जन–जन तक डिस्ट्रीब्यूट किए जा रहे हैं। 4 नवंबर से यह प्रक्रिया जारी है। 4 दिसंबर तक जो फॉर्म्स है वह उनसे वापस ले लिए जाएंगे। फिर हम लोग अपनी जो वोटर लिस्ट उसको शुद्धिकरण का काम करेंगे।***

**********

लखनऊ में इकसठ वर्षों बाद भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की डायमंड जुबली उन्नीसवीं राष्ट्रीय जंबूरी का आयोजन तेइस से उन्तीस नवंबर तक रक्षा एक्सपो प्रांगण में होने जा रहा है। इस आयोजन में देश भर से लगभग तीस हजार स्काउट–गाइड, यूनिट लीडर्स और एक हजार पांच सौ विदेशी प्रतिभागियों समेत कुल तैंतीस हजार से अधिक लोगों के भाग लेने की संभावना है। आयोजन को लेकर तैयारियों को अंतिम रुप दिया जा रहा है। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

***19वीं राष्ट्रीय जंबूरी लघु भारत का दर्शन कराएगी। विभिन्न राज्यों की परंपराओं और कलाओं का यह अद्वितीय संगम राष्ट्रीय एकता की भावना को सशक्त करेगा। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में, पड़ोसी देशों नेपाल, श्रीलंका, भूटान, अफगानिस्तान समेत एशिया–पैसिफिक क्षेत्र के 10 देशों के प्रतिनिधि भी भाग लेंगे। टेंट सिटी में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा एक अस्थाई तारामंडल का निर्माण किया जा रहा है, निर्बाध संचार कनेक्टिविटी के लिए, दूर संचार मंत्रालय एक समर्पित टावर और उपकरण***

***लगाने जा रहा है, इस बड़े अंतर्राष्ट्रीय आयोजन को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग की तैयारियां भी अंतिम चरण में हैं। डिफेंस एक्सपो ग्राउंड में 100 बेड का एक अस्थायी अस्पताल तैयार किया गया है, जिसमें 50 बेड पुरुषों और 50 बेड महिलाओं के लिए आरक्षित रहेंगे। आकाशवाणी समाचार कक्ष से राघवेन्द्र त्रिपाठी।***

**********

केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की ओर से कल लखनऊ विश्वविद्यालय में दिव्य कला मेला के आयोजन की शुरूआत हुयी। मेले का औपचारिक उद्घाटन आज केन्द्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री बनवारी लाल वर्मा करेंगे। तेइस नवम्बर तक चलने वाले इस मेले में 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लगभग 100 दिव्यांग कारीगर, कलाकार और उद्यमी अपने उत्पादों और कौशल का प्रदर्शन करेंगे। इसमें जम्मू–कश्मीर और पूर्वोत्तर राज्यों सहित भारत के विभिन्न क्षेत्रों के उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदर्शित की जाएगी। नौ दिनों तक चलने वाला यह मेला सुबह 11 बजे से रात 9 बजे तक आम जन के लिए खुला रहेगा।

**********

वाराणसी में अग्निवीर सेना भर्ती रैली के तहत कल देवरिया और गाज़ीपुर जिलों के अभ्यर्थियों की भर्ती प्रक्रिया सम्पन्न हुई। कल कुल एक हजार दो सौ तैंतीस अभ्यर्थियों को बुलाया गया था, जिनमें देवरिया के चार सौ तीस और गाज़ीपुर के आठ सौ तीन अभ्यर्थी शामिल रहे। निर्धारित दौड़ पूरी करने के बाद छः सौ इक्यावन अभ्यर्थियों को सफल घोषित किया गया। इसी क्रम में आज गाज़ीपुर जिले की जखनियां, सैदपुर और मोहम्मदाबाद तहसीलों के कुल एक हजार दो सौ साठ अभ्यर्थियों की भर्ती प्रक्रिया आयोजित की जाएगी।

**********

भारतीय विष विज्ञान अनुसंधान संस्थान की ओर से लखनऊ में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन अर्थ दो हजार पचीस कल सम्पन्न हो गया। संस्थान के निदेशक भास्कर नारायण ने बताया कि चार दिनों के कॉन्क्लेव में संयुक्त राज्य अमेरिका, ग्रीस और यूरोपीय देशों के विशेषज्ञों ने भाग लिया।

**********

इटावा में विश्व मोर दिवस के अवसर पर वन्य जीव विशेषज्ञ डॉ राजीव चौहान ने बताया कि जिले के गांव–गांव में सक्रिय पर्यावरण मित्रों के माध्यम से राष्ट्रीय पक्षी मोर का संरक्षण किया जा रहा है।

***2009 में जब सर्वे किया गया था, उस समय इनकी संख्या हजारों में थी और आज भी इनकी स्थिति वही बनी हुई है। हाल ही में अभी कोई सर्वे इसका नहीं हुआ है लेकिन पॉपुलेशन यहां अच्छी पाई जाती है। कुछ घटनाएं इनको मारने की बीच में देखी गई थी लेकिन नियंत्रण पर लिया गया।***

**********

सरदार वल्लभ भाई पटेल की एक सौ पचासवीं जयंती के उपलक्ष्य में कल प्रदेश के कई जिलों में रन फार यूनिटी का आयोजन किया गया। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक अयोध्या में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। शाहजहांपुर में भी यूनिटी मार्च निकाला गया। बुलंदशहर और कानपुर देहात में एकता यात्रा निकाली गई। मेरठ में रन फॉर यूनिटी को भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और राज्यसभा सांसद डॉक्टर लक्ष्मीकांत वाजपेई ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। इस अवसर पर श्री वाजपेई ने कहा कि सरदार पटेल की एक सौ पचासवीं जयंती और वंदे मातरम के निर्माण का 150वां वर्ष दोनों राष्ट्रवाद के प्रतीक हैं।

***150वीं जयंती सरदार पटेल की 150वां वर्ष वंदे मातरम के निर्माण का दोनों राष्ट्रवाद के प्रतीक इसलिए सरदार पटेल जी की जयंती को मना रहे हैं हम।***

**********

विश्व मुक्केबाजी कप का कल शाम गौतमबुद्धनगर में शुभारम्भ हुआ। केन्द्रीय खेल मंत्री डॉक्टर मनसुख मांडविया की उपस्थिति में भारतीय मुक्केबाजी संघ के अध्यक्ष अजय सिंह ने आयोजन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि विश्व मुक्केबाजी के फाइनल मुकाबले के लिये ग्रेटर नोएडा को चुना जाना गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में लगातार खेलों को बढ़ावा दिया जा रहा है। इस आयोजन में सत्रह देशों के एक सौ साठ से ज्यादा मुक्केबाज हिस्सा ले रहे हैं।

**********